## एक नजर में

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखाओं में बचत पखवाड़े का शुभारंभ

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ की शाखाओं में बचत पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ शाखा राजगढ़ में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक रघुवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा में उपस्थित बड़े जमाकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बैंक के पूर्व कर्मचारियों का स्वागत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रघुवंशी ने कहा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ अपने जमाकर्ताओं को अन्य बैंक की तुलना में अधिकतम 8 प्रतिशत तक की आकर्षक व्याज प्रदान कर रहा है. बैंक में जमा सम्पूर्ण अमानत बीमित तथा सुरक्षित हैं, उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे बैंक की सुरक्षित एवं लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु अधिक से अधिक बचत एवं सावधि जमा करें. इस अवसर पर मुख्यालय से सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चौहान, स्टोर प्रभारी अमर सिंह यादव, शाखा प्रबंधक जेपी विजयवर्गीय सहित मुख्यालय एवं शाखा के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना रहा.

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका पदों के लिए आवेदन 10 तक

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** जिले की समस्त बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में रिक्त पदों के आधार पर कुल 96 पदों पर भर्ती की जाएगी. इनमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 19 व आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 77 पद शामिल हैं. भर्ती एमपी ऑनलाईन द्वारा निर्मित चयन पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं. चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 तक रहेगी. पोर्टल द्वारा आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है. नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य आवश्यक अर्हताओं की विस्तृत जानकारी चयन पोर्टल पर उपलब्ध है. विभाग द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि आवेदन करने से पूर्व सभी दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी एवं ऑनलाईन माध्यम से की जा रही है, जिससे पात्र महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्यामबाबू खरे द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी हेतु आवेदक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रूम नम्बर 19 कलेक्टोरेट परिसर राजगढ के साथ संबंधित परियोजना कार्यालयों में भी संपर्क कर सकते हैं.

# फिर से जिले को दहलाने आए थे, लेकिन धरा गए

## बैसबॉल बैट, खटके वाला चाकू और लाठियों से लैस गुना जिले के कुख्यात पारदी गैंग के दर्जन भर लोग पकड़ाए

**पुलिस के भय से दूर एक बार फिर दहशत मचाने की थी तैयारी**

**जालपा मंदिर के पास जंगल में योजना बनाते हुए पकड़ा पुलिस ने**

### राजगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, भय के ताबूत में एक और कील ठोकी



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जनवरी, सं. बीते दिनों नगर में डकैती को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 पारदी सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. लेकिन उसके ठीक एक सप्ताह बाद ही पारदी गैंग के आरोपी जिले में फिर से भय का नाच करने जा रहे थे. लेकिन इस पुलिस मुस्तैद पुलिस ने उन्हें नाकाम कर दिया. आरोपी अपनी गैंग को लेकर फिर से राजगढ़ की सीमा में पहुंचे और पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे थे. लेकिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उन्हें घेरा और योजना बनाते हुए ही पकड़ लिया. पुलिस ने डकैतों द्वारा मचाए गए भय के ताबूत में एक और कील ठोक दी है.**

पारदी गैंग के अब कुल 15 के आसपास लोग राजगढ़ पुलिस के कब्जे में है. एसपी अमित सुरेश तोलानी द्वारा प्रेस वार्ता में साझा की गई जानकारी के अनुसार पुलिस ने सतर्कता, सूझबूझ एवं त्वरित रणनीतिक कार्यवाही करते हुए कुख्यात पारदी गैंग द्वारा पेट्रोल पम्प पर डकैती की बनाई जा रही साजिश को विफल किया. पुलिस ने मौके से 10 हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बड़ी एवं संगीन वारदात को समय रहते रोक लिया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महोदय जिला राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा की गई. मुखबिर सूचना एवं योजनाबद्ध कार्रवाई.

### जंगल में बैठकर डकैती की योजना बनाते पकड़े गए बदमाश

मौके पर बदमाश तेजधार हथियारों से लैस पाए गए तथा पास में 05 मोटरसाइकिलें खड़ी थीं. बातचीत से स्पष्ट हुआ कि कौन कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन रोड पर निगरानी रखेगा, कौन आफिस में घुसकर नगदी लूटेगा सभी की भूमिकाएं पूर्व से तय थी. रेड के दौरान 10 बदमाश गिरफ्तार हुए. बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस की मुस्तैदी से तीनों दिशाओं से घेराबंदी कर कुल 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया.

### मुखबिर से मिली सूचना और पुलिस हुई एक्टिव

जानकारी के अनुसार 07 जनवरी 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वर्मा को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 10 से 12 बदमाश हथियारों से लैस होकर जालपा माता मंदिर के पीछे, पहाड़ी के नीचे जंगल क्षेत्र में एकत्रित होकर हाईवे स्थित नायरा पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं. सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल तीन पुलिस पार्टियों का गठन कर अलग-अलग दिशाओं से घेराबंदी की गई. पुलिस दल पैदल जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ा.

### आरोपी गुना के कुख्यात पारदी, देश भर में कर चुके हैं वारदातें

पकड़े गए आरोपियों में बना साहब पिता धुरीलाल पारदी उम्र 50 वर्ष निवासी छोटी कनारी पर जुआ, आबकारी और आर्म्स एक्ट में रांची झारखण्ड में मामले दर्ज है. इसके अलावा महावीर पिता बाबू पारदी 28 वर्ष बीलाखेड़ी पर अजमेर में मामले दर्ज है. घासी पिता साधु पारदी 25 वर्ष निवासी छोटी कनारी पर नाया जिला पटियाला में मामले दर्ज, सिकंदर पिता बालचंद पारदी 45 वर्ष निवासी खेजड़ा पर पटियाला पंजाब और जम्मू में आर्म्स एक्ट, रामपाल पिता जगदीश पारदी 19 वर्ष निवासी बीलाखेड़ी पर पूर्व में राजगढ़ और गुना जिले में आर्म्स एक्ट, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदी 27 वर्ष निवासी बीलाखेड़ी, सुरेश पिता बनेसिंह पारदी 26 वर्ष, जाबाज पिता जावर पारदी 19 वर्ष, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी 19 वर्ष, सुमित पिता बाबू पारदी 20 वर्ष निवासी बीलाखेड़ी शामिल है.

### सारंगपुर डकैती का फरार आरोपी भी गिरफ्तार

बीते 06 नवम्बर को सारंगपुर के व्यापारी गोकुलदास पिता डुगंरमल दंडवानी निवासी पाडल्या रोड सारंगपुर जिला राजगढ के घर डकैती डालने का प्रयास किया था. घटना आरोपी साहिल पिता समरथ पारदी निवासी गुलगाव ,मुकद्दर पिता अर्जुन पारदी ,समीर पिता मुकद्दर पारदी ,सतीश पिता सोपाल पारदी ठाकुरी पिता दिधक पारदी सर्व निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना ने घटना कारित की थी. जिसमे फरार आरोपी समीर पिता मुकद्दर पारदी निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना को दबिश देकर ग्राम बोरखेडी थाना धरनावदा से को गिरफ्तार किया गया व घटना मे प्रयुक्त वाहन को जप्त किया गया.

**बेसबॉल बैट और खटकेदार चाकू के साथ कर रहे थे प्लानिंग**

पुलिस ने आरोपियों के पास से 01 तलवार, 02 फर्सी, 02 खटकेदार चाकू, 02 बेसबॉल बैट, 01 लट्ठ, 01 लोहे की रॉड, 01 सब्बल, 20 हजार नगर, 05 मोटरसाइकिलें, होण्डा एक्सपी 125 ब्लैक, होण्डा शाईन 125 सिल्वर, हीरो स्प्लेण्डर प्लस ब्लैक, रायल इन्फील्ड हण्टर 350, यमाहा ब्लैक बरामद की है.

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समितिराजगढ़ की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में जिला सचिव रेडक्रॉस सोसायटी श्री संजय शेखर शर्मा एवं सदस्य रेडक्रॉस डॉ. राकेश गुप्ता, मार्तंड सिंह सौलंकी, मनोज सिंह हाडा, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ राम दांगी एवं जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला उपस्थित रहे. बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों ने उपस्थित होकर रेडक्रॉस की पिछले 1 वर्ष में आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष में संचालित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशेष अभियान चलाकर 1 माह में प्रथम फेज में लगभग 500 लोगों को आजीवन सदस्यता प्रदाय किये जाने का लक्ष्य तय किया गया. जिले में युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जो कि यूथ रेडक्रॉस द्वारा महाविद्यालयों में 12 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा.



# कुण्डालिया से सिंचाई के लिए परेशान हो रहे किसान

## नहरों में नहीं पहुंचा पानी, निगरानी के लिए समिति का सदस्य तैनात नहीं किया

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 07 जनवरी, सं.** अंचल में रबी फसलों की बोवनी हो चुकी है और खेतों में गेहू और चने सरसों, धनिया की फसल भले ही खेतों में लहलहा रही है. लेकिन इसके बीच अब सिंचाई के अभाव में किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है. जनवरी का प्रथम पखवाड़ा चल रहा है. नांदनी सहित अनेक गांवों की नहरों मैं अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है सिंचाई के लिए नेहरो पर निर्भर किसानों को समय पर पानी न मिलने से फसल प्रभावित होने की आशंका गहरा गई है. नांदनी सहित कई गांव में नहरें चालू नहीं हुई है. किसानों का कहना है कि कई दिनों से नेहरो में हमारे खेतों तक पानी नहीं आने के कारण खेतों की सिंचाई ठप पड़ी है. ग्रामीणों ने बताया कि मेन पाईप में से पाइप लगाकर पास के किसानों द्वारा पानी लिया जा रहा है. इससे दूसरे किसानों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है. अंतिम छोर के किसानों तक पानी नहीं पहुंच पाता जिससे उनकी फसल सूखने लगती है सिंचाई संकट को लेकर किसानों में आक्रोश भी देखा गया. पूर्व में पानी के लिए काकरिया गांव के लोगों के साथ अन्य गांव के लोगों द्वारा चक्का जाम विरुद्ध प्रदर्शन भी किया गया था किसानों के अनुसार असामाजिक तत्व लोग पाईपलाइन में मैन पाइप लगाकर चालू कर लेते हैं और आगे वाली पाइपलाइन नेहरो को बंद कर देते हैं जिससे पानी आगे नहीं बढ़ पाता यही स्थिति 2 वर्षो से बनी हुई है लेकिन इसकी स्थाई समाधान के लिए अब तक ठोस कदम नहीं उठाया गया. नहरों में अवरोध के चलते पानी के आगे तक पहुंचने से पहले ही रोक लेते हैं किसान मजबूर होकर विकल्प साधनों की तलाश करने लगते हैं अब विभाग द्वारा पहले समिति बनाने के लिए कई लोगों के नाम भी लिए गए थे परंतु निगरानी के लिए अभी तक कोई भी सदस्य मौजूद नहीं किया गया.

### बबीता को मिली चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** अनुविभागीय (राजस्वव) अधिकारी नरसिंहगढ़ सुशील कुमार द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ के प्रतिवेदन पर नरसिंहगढ़ निवासी सत्यंनारायण की छोटा तालाब के पानी में डूबने से मृत्युन हो जाने के कारण वैध वारिस पत्नि बबीता उपाध्यारय को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई.

# केबल बिछाने के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त छोड़ने पर कंपनी को नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जनवरी, का. जिले में बीएसएनएल के ठेकेदार द्वारा ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के दौरान विभिन्न मार्गों पर सड़कों को क्षतिग्रस्त किए जाने पर कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा ने कड़ी नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को अंतिम चेतावनी दी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने साफ शब्दों में कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.**

उन्होंने ठेकेदार व नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनसीसी) एजेंसी से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया तथा सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यदि इस प्रकार की लापरवाही आगे भी जारी रही तो सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर वर्क ऑर्डर निरस्त कर दिया जाएगा. साथ ही निर्देश दिए गए कि संबंधित विभागों से पूर्व अनुमति लेकर ही कार्य किया जाए और जब तक संपूर्ण मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक कार्य तत्काल प्रभाव से बंद रहेगा. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ठेकेदार को जारी एनओसी एवं वर्क ऑर्डर की जानकारी भी अधिकारियों के समक्ष बुलाकर प्रस्तुत करवाई. बीएसएनएल ठेकेदार द्वारा नरसिंहगढ़ ब्लॉक में एनएच–12 से खानपुरा, ब्यावरा ब्लॉक में एनएच–3 से अमरगढ़, ब्यावरा से लाखनवास, कंसोरकलां से आलमपुरा, सारंगपुर ब्लॉक में सरेड़ी से लाखेसरा तथा खिलचीपुर ब्लॉक में जेतपुरा से खजुरियाहारी मार्ग क्षतिग्रस्त किए गए है. बैठक में ईई पीडब्ल्यूडी दीपक कुमार, खनन अधिकारी मुकेश शिकवार, पीएमजीएसवाई राहूल वर्मा एवं बीएसएनएल एजीएम विकास सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# शोपीस बनी पानी की टंकी, जंगल से ला रहे हैं पानी



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 07 जनवरी, सं.** कुंडलिया डैम परियोजना से शुद्ध जल की आस में महीनो से इंतजार में बैठे ग्राम रामपुरियाखेड़ा, साधनखेड़ी, मगराना के लोग निजी ट्यूबवेल हैंडपंप व बावड़ी जंगलों में जल स्त्रोतों से पानी की जरूरत पूरी कर रहे है. ग्रामीणों के अनुसार शुद्ध जल मुहैया करने के उद्देश्य से बनी पानी की टंकी केवल शोपीस बनकर खड़ी हुई है. रामपुरिया खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट का कहना है कि साधन खेड़ी,रामपुरिया खेड़ा, मगराना, तीनों गांव की आबादी लगभग 3500 जनसंख्या है तीनों गांव को शुद्ध जल मुहैया करने के लिए रेशम केंद्र के समीप 2 लाख 28 हजार क्षमता वाली पानी की टंकी मात्र शोपीस बनकर खड़ी हुई है. लोग इधर–उधर जंगल से एवं निजी जल स्त्रोतों से दैनिक दिनचर्या में लगने वाला पानी का उपयोग कर रहे है.

### चीनी नायलॉन मांजा पूर्ण प्रतिबंधित

**राजगढ़ 07 जनवरी, का.** उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा पारित आदेश के पालन में तथा मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी को दृष्टिगत रखते हुए, राजगढ़ पुलिस ने सूचना जारी करते हुए चीनी नायलॉन मांजा पूर्णतः प्रतिबंधित करते हुए चीनी नायलॉन मांजा का निर्माण, विक्रय, भंडारण एवं उपयोग नहीं करने की मुनादी की है. यह मांजा दोपहिया वाहन चालकों, पैदल यात्रियों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक है. गंभीर चोट, गला कटने एवं मृत्यु तक का कारण बन चुका है. चीनी नायलॉन मांजा के विक्रय, भंडारण, परिवहन, उपयोग में संलिप्त पाए जाने पर कार्रवाई, की जाएगी.

### इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में टेक्नॉलॉजी अपनाने पर फोकस

**पीलूखेड़ी 07 जनवरी, सं.** इंडस्ट्रीज एरिया एसोसिएशन पीलूखेड़ी की मासिक बैठक का आयोजन बजरंग इंडस्ट्री में किया गया. आयोजन का शुभ आरंभ एसोसिएशन की वार्षिक डायरी का विमोचन एसोसिएशन के संरक्षक एवं ओसवाल डेनिम के यूनिट हेड मदन गोपाल चौधरी ने किया. एसोसिएशन महासचिव एवं ओसवाल डेनिम लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट ( मानव संसाधन एवं प्रशासन) ने सदस्यों को पिछले वर्ष के किए कार्यों से अवगत कराया. कलेक्टर एवं जिला अधिकारी राजगढ़ तथा पुलिस अधीक्षक ने पीलूखेड़ी औद्योगिक एरिया के समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया है. श्री बाजपेई ने पीलूखेड़ी एरिया का भविष्य निधि कार्यालय ग्वालियर से भोपाल करने लिए बताया कि शीघ्र ही एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, भोपाल से मिलेंगे, कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं लेप इंडिया के यूनिट हेड राकेश चौधरी ने सदस्यों से न्यू टेक्नोलॉजी अपनाने पर विशेष जोर दिया. बैठक में एसोसिएशन के उप अध्यक्ष मुंशी भगत, सचिव एवं कोका कोला की प्रबंधक अश्वनी ऐलन, ट्रेसरर एवं एमपी प्रिसिजन के निदेशक महेंद्र श्रीवास्तव एवं मीडिया प्रभारी एवं प्रीमियम एसएस कंस्ट्रक्शन के निदेशक शाहिद पठान उपस्थिति थे. बैठक में अदिति इंडस्ट्रीज के निदेशक दिलीप पाटिल, इब्राहीम राजा, अरूण शर्मा, राहुल अग्रवाल, अभय सिंह, विनोद तुलसानी, अनूप शर्मा, मिलन गुप्ता, प्रतीक गर्ग ,आलोक यादव, डॉ अमित नायक, गौरव अग्रवाल, मोहम्मद तनवीर, रवि गुलवानी, दीपेश गुप्ता, प्रफुल्ल गोयल, हेमन्त सिंह, सिद्धार्थ जैन, राजेश स्वर्णकार, राजेन्द्र सिंह गौड़ तथा वीरेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थिति थे.

# चेम्बर में घटिया निर्माण को लेकर पार्षद का विरोध

**मुक्तिधाम मार्ग रोड के घटिया निर्माण का आरोप लगाया**

**आरोप लगाया कि पैरों से निकल रही कांक्रीट**



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 07 जनवरी, सं. गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण अनियमितताओं को लेकर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने खुला आरोप लगाते हुए बताया कि घटिया निर्माण की यह पोल खुल रही जिसमें पैर के टसेरे से नाली पर बने चेंबर की सीमेंट कांक्रीट उखड़ रही है.**

नगर परिषद द्वारा नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड पर मार्ग से जो नाली क्रांस हुई है उसके ऊपर बने चैंबर को कई बार बनाने के बावजूद उखड़ जाता है जिसके कारण निकलने वाले वाहन और आम राहगीरों को आयें दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा. वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद प्रतिनिधि मनोहर लाल बरेठा द्वारा खुले रूप में नगर परिषद द्वारा किए जा रहे हैं घटिया निर्माण कार्य को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहां की नगर परिषद में खुले रूप में अनियमितता मची हुई है हर जगह घटिया निर्माण कार्य हो रहा इस संबंध में कहीं बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है. तीन दिन पूर्व नाली के ऊपर बनाए गए चेंबर जो की घटिया निर्माण कार्य के कारण उखड़ गया उसको लेकर नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए इसी के साथ साथ पीपल्दा रोड स्थित मुक्तिधाम रोड पर भारी अव्यवस्थाओं का अम्बार है पुरा रोड़ उखड़ा होकर गिट्टी रोड़ पर बिखरी हुई है ऐसे में मुक्ति धाम तक शवयात्रा को लेकर पहुंचना मुसीबतों से भरा होता है. पूरा रोड उबड़ खाबड़ होने के कारण शवयात्रा के दौरान चलने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

पार्षद प्रतिनिधि ने मुक्ति धाम रोड़ पर सीमेंट कांक्रीट निर्माण की मांग की. सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना चेंबर का मामला मेरे संज्ञान में विडियो वायरल के माध्यम से आया है में जांच करवाता हूं. नगर परिषद उपयंत्री बृजेश उपाध्याय का कहना चेंबर पर जो ढ़कान है उसे हटा कर नाली को खुदवाकर नीचा करेंगे जिससे ढ़लान बन जावेगा.

**आयोजन** 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अब तक 70 से अधिक कंपनियां पंजीकृत

# रोजगार मेला : अब तक 5 हजार 419 युवाओं ने कराया पंजीयन




नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 07 जनवरी, सं.** जिले में आयोजित होने वाले आगामी 12 जनवरी 2026 को रोजगार मेले को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है. रोजगार मेले हेतु अब तक कुल 5419 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है. प्रतिभागियों द्वारा भरे गए पंजीयन फॉर्म में दर्ज एड्रेस के आधार पर ब्लॉकवार जानकारी तैयार की गई है।ब्लॉकवार पंजीयन की स्थिति अनुसार जीरापुर से 14, राजगढ़ से 1887, ब्यावरा से 369, सारंगपुर से 1347, खिलचीपुर से 5 तथा नरसिंहगढ़ से 234 पंजीयन प्राप्त हुए हैं. इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों से 1563 पंजीयन दर्ज किए गए हैं. जीरापुर एवं खिलचीपुर ब्लॉक में पंजीयन बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. जहां युवाओं/बच्चों को रोजगार मेले के लिए पंजीयन कराने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है. रोजगार मेले में 70 से अधिक कंपनियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से एसआईएस लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीम एचआर, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलिब एचआर, टीम लीज, पेटीएम, वीई कमर्शियल भोपाल, सुरना मोटर्स, युवाशक्ति फाउंडेशन, वैकमेट इंडिया लिमिटेड, सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड, तमोट, रायसेन, अनंत स्पिनिंग मिल्स, रायसेन, परमल्ली वालेस, मंडीदीप, यशस्वी ग्रुप, होम हेल्प सेंटर, मंडीदीप, टेस्ला ट्रांसफॉर्मर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, आईपीसीए लैबोरेटरीज लिमिटेड, सेक्टर–3, (बायोमैन्युफैक्चरिंग), अल्फा प्रोटीन, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड, देवास, कमिंस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देवास, आई डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड, पीथमपुर, प्रतिभा सिंथेटिक्स लिमिटेड, फोर्स मोटर्स लिमिटेड, पीथमपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश, शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड, पीएटीएच, चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, ट्राइडेंट ग्रुप, महिंद्रा एंड महिंद्रा टू व्हीलर, आइशर, विशालफाब (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, डार्लिंग पंप्स प्राइवेट लिमिटेड, एडवांस्ड एंजाइम टेक लिमिटेड, पीथमपुर, धार, एसआरएफ लिमिटेड, जेबीएम ऑटो लिमिटेड, पीथमपुर, धार, टेक्नोटैक, मैग्नम, आईपीएस ग्रुप, ब्लिंकइट, मदरसन, पीवीआर इनॉक्स, गॉड, एचडीबी फाइनेंस, जी.एस. एंटरप्राइजेज, पेटीएम, विशाल मेगा मार्ट सहित अन्य निजी कंपनियां शामिल हैं. इन कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर हजारों रिक्तियों के लिए सीधी भर्ती की जाएगी।प्रशासन द्वारा रोजगार मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. जिले के अधिक से अधिक युवाओं से अपील की गई है कि वे पंजीयन कर इस सुनहरे रोजगार अवसर का लाभ उठाएं.